Seventeenth Loksabha

span>

Title: Regarding flood situation in Shravasti Parliamentary Constituency.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने हमें शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के दोनों जनपद श्रावस्ती, बलरामपुर में आई भीषण बाढ़ से कई सौ गांव पूरी तरह से जलमग्न हो गये थे। यहां पर लोग अपनी छतों पर, सड़कों पर रहने को मजबूर थे। भीषण बाढ़ की वजह से किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है। बाढ़ से किसान, गरीब मजदूरों, जानवरों, फसल, मकान और जान-माल का काफी नुकसान हुआ है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के दोनों जनपद श्रावस्ती, बलरामपुर में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए और इन दोनों जनपदों में बाढ़ से हुए नुकसान का केंद्रीय टीम से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए, जिससे अति पिछड़े जनपदों के किसानों, गरीब मजदूरों को बाढ़ से, इस आपदा से राहत मिल सके। धन्यवाद।